जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया,
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia,

पत्रांक– जे0एन0सी0यू0/आर0कैम्प (सा0प्र0)/958/2019 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2019

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

विषयः– **समय सारिणी (टाइम टेबिल) उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र सं0 पत्रांक– जे0एन0सी0यू0/आर0कैम्प (सा0प्र0)/794/2019, दिनांकः 21 अगस्त, 2019 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें अनुरोध किया गया था कि महाविद्यालय में अध्यापन किये जा रहे पाठ्यक्रमों की समय सारिणी तीन कार्य दिवस में उपलब्ध करायें, ताकि उत्तर प्रदेश शासन की नीति **'गुणवत्तायुक्त शिक्षा'** का अनुपालन संभव हो सके, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों को छोड़कर अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा वांछित समय–सारिणी उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया है।

तदक्रम में निर्देशानुसार पुनः अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय में अध्यापन किये जा रहे पाठ्यक्रमों का विषयवार एवं शिक्षकवार समय–सारिणी **प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक का बनाकर तीन कार्य दिवस में विश्वविद्यालय की ई–मेल आई.डी. jncuballia@gmail.com** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशानुरूप महाविद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर **'गुणवत्तायुक्त शिक्षा'** के ध्येय को सफल किया जा सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी
3. प्रबन्धक, सम्बन्धित महाविद्यालय
4. संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय
5. उप कुलसचिव को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय बेवसाइट एवं समस्त कालेज लाग–इन पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

कुलसचिव

Scanned by CamScanner